>

Title: Need to widen the Kanpur-Bilhaur-Kannauj-Etah-Bewar-Aligarh-Bulandshahar-Ghaziabad-Delhi G.T. Road into four-lane and also provide adequate medical facilities enroute for the victims of road accidents.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): कानपुर-बिल्हौर-कन्नौज-एटा-बेवर-अलीगढ़-बुलन्दशहर-गाजियाबाद-दिल्ली मार्ग, जो शेरशाह सूरी द्वारा बनवाया गया था, देश का एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक जी.टी. मार्ग है। दिल्ली से जुड़ा होने के कारण इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव है। पिछले काफी समय से इस मार्ग को चार लेन का बनाये जाने की मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक इस मार्ग को चार लेन में परिवर्तित नहीं किया गया है, जिस कारण यहां आये दिन गंभीर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिसमें काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है और बड़ी संख्या में लोग गंभीर गंभीर रूप से घायल भी हो जाते हैं। इस मार्ग पर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एक प्रत्येक निश्चित दूरी के पश्चात समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराये जाने की भी आवश्यकता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह कानपुर-बिल्हौर-कन्नौज-एटा-बेवर-अलीगढ़-बुलन्दशहर-दिल्ली मार्ग पर एक निश्चित दूरी के अंतराल पर समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराये जाने के साथ-साथ इस मार्ग को चार लेन का बनाये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए, जिससे इस मार्ग पर यातायात के भारी दबाव को कम किया जा सके और आये दिन होने वाले हादसे भी न हों।